## न्यूज डायरी



### विश्वास मत हारने के बाद गिरी फ्रांस की सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। अविश्वास मत हारने के बाद फ्रांस की सरकार गिर गई है। यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इसके चलते राजनीतिक संकट में फंस गई है। दक्षिणपंथी और वामपंथी सांसदों ने एक साथ मिलकर अविश्वास प्रस्ताव लाकर प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर को सत्ता से हटा दिया है। यहां तक की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर भी इस्तीफा देने का दबाव बन गया है। बजट विवादों के बाद के बाद विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री बार्नियर और उनके मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। 1962 के बाद से अविश्वास मत के कारण सत्ता से बाहर होने वाली यह पहली फ्रांसीसी सरकार है। इसके चलते स्विस फ्रैंक और पाउंड जैसी अन्य यूरोपीय मुद्राओं के मुकाबले यूरो में गिरावट दर्ज की गई है। उधर, सरकार गिरने के बावजूद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वो 2027 तक अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों की सेवा करता रहूंगा। अब क्या करेंगे मैक्रों? बता दें कि बीते दिन हुए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 331 वोट पड़े। इसके लिए 288 वोटों की जरूरत थी। जून में हुए चुनावों के बाद फ्रांस की संसद तीन प्रमुख भागों में बंट चुकी है और किसी भी दल को बहुमत नहीं है। अब इमैनुएल मैक्रों को दूसरी बार नया प्रधानमंत्री नियुक्त करना होगा। इस घटनाक्रम के बाद मैक्रों आज शाम देश को संबोधित करेंगे। बार्नियर को भी मैक्रों ने 3 महीने पहले ही नियुक्त किया था, जो अब सबसे कम समय के लिए पीएम रहने वाले नेता बन गए हैं।

### यूक्रेन–रूस युद्ध पर डोनाल्ड ट्रंप का प्लान तैयार, पुतिन को मनाना होगा मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन और रूस संघर्ष के लिए अपने विशेष सलाहकार के तौर पर सेवानिवृत्त जनरल कीथ केलाग को चुना है। अमेरिका में कई अहम पदों पर काम कर चुके कीथ के सामने यूक्रेन और रूस के विशेष दूत के रूप में दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध को खत्म करने की चुनौती है। उन पर ट्रंप के वादे को पूरा करने का भी बोझ है, जिन्होंने अमेरिकी चुनाव में यूक्रेन युद्ध खत्म करने का एलान किया है। इस संबंध में कीथ के पास एक खास प्लान है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस नियुक्ति के साथ यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए केलाग की शांति योजना को भी अपनाया है। उनकी इस योजना में युद्ध विराम, बातचीत और यूक्रेन को सैन्य सहायता में बदलाव शामिल है। हालांकि यह योजना आसान नहीं है। इसमें कई चुनौतियां हैं, जिसमें खासतौर से रूस की मांगों से निपटने और पश्चिमी देशों में एकता बनाए रखने जैसे सवालों के जवाब ढूंढ़ना शामिल है। जनरल कीथ केलाग ने अमेरिका फर्स्ट पालिसी इंस्टीट्यूट के लिए लिखते हुए अपनी शांति योजना को विस्तार से बताया है, जिसके तहत वह रूस–यूक्रेन जंग को रुकवाने की उम्मीद रखते हैं। केलाग का कहना है कि यूक्रेन की नाटो सदस्यता वास्तव में एक बहुत दूर की संभावना है।

### ईरान को लगा बड़ा झटका, मरम्मत के बाद उड़ान भर रहा फाइटर जेट क्रैश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान का एक लड़ाकू विमान बुधवार को देश के दक्षिणी हिस्से में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने पायलटों की पहचान कर्नल हामिद रजा रंजबार और कर्नल मनौचेहर पीरजादे के रूप में की है। उसने बताया कि विमान की मरम्मत के बाद पायलट परीक्षण उड़ान पर थे। यह दुर्घटना राजधानी तेहरान से लगभग 770 किलोमीटर दक्षिण में फिरोजाबाद शहर के पास हुई। रिपोर्ट में विमान के प्रकार या दुर्घटना के कारण के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया। ईरान की वायु सेना के पास 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले खरीदे गए अमेरिका निर्मित कई सैन्य विमान हैं। टॉमकैट एफ–14 अमेरिका निर्मित विमान है, ईरान के पास रूस निर्मित मिग और सुखोई विमान भी हैं। दशकों से पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण देश को विमान के 'स्पेयर पार्ट्स' (खराब हुए पुर्जों की जगह नए पुर्जे) प्राप्त करना और पुराने विमानों का रखरखाव करना मुश्किल हो रहा है। अमेरिका ने ईरान के तेल का अन्य देशों में परिवहन करने वाली 35 कंपनियों और जहाजों पर मंगलवार को प्रतिबंध लगा दिया। इनमें भारत की दो कंपनियां भी शामिल हैं।

# भारत में तैनात करो संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना

**रिपोर्ट**

## बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले रोकने में नाकाम मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार भारत के खिलाफ बयानबाजी करके अपनी असफलता को छिपाना चाह रही है। भारत के खिलाफ बयानबाजी में अब नया नाम बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रिटा) जहांगीर आलम चौधरी का जुड़ गया है। चौधरी ने गुरुवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सेना को बांग्लादेश के अंदर नहीं बल्कि भारत के अंदर भेजा जाना चाहिए।

चौधरी ने ये बात बांग्लादेश के नारायणगंज में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उनका ये बयान ममता बनर्जी की टिप्पणी के जवाब में आया है, जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के जवाब में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना भेजे जाने की मांग की थी। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर ढाका और नई दिल्ली में तनाव बना हुआ है।

पत्रकारों ने जब ममता बनर्जी की टिप्पणी को लकेर जहांगारी आलम चौधरी से सवाल किया तो गृह सलाहकार ने कहा कि शांति सेना को बांग्लादेश नहीं, बल्कि भारत में भेजा जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने दावा कि बांग्लादेश में राष्ट्रीय एकता के लिए हाल ही में की गई अपील को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

इस बीच कानूनी सलाहकार आसिफ नजरूल ने भारत के खिलाफ एक रैली आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जिसमें राजनीतिक दलों के बीच एकता और एकजुटता पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि श्आज सभी राजनीतिक दल मौजूद थे। बैठक में हम सभी बांग्लादेश की संप्रभुता, स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करने की आवश्यकता पर सहमत हुए। उन्होंने भारत के दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए रैलियां, राजनीतिक परिषद या यहां तक कि सुरक्षा परिषद आयोजित करने के प्रस्ताव का भी उल्लेख किया।


इस बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत के राजनीतिक नेतृत्व पर घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए बांग्लादेश से जुड़े मुद्दों का फायदा उठाने का आरोप लगाया है। सूचना सलाहकार नाहिद इस्लाम ने कहा, श्अगर ऐसा होता है तो यह भारत की घरेलू राजनीति के लिए हानिकारक होगा। बांग्लादेश विरोधी और मुस्लिम विरोधी राजनीति भारत के राष्ट्रीय हित में मदद नहीं करेगी या इसकी एकता में योगदान नहीं देगी।

नाहिद इस्लाम शेख हसीना के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं में से एक हैं। नाहिद ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार का जिक्र नहीं किया।

## सऊदी अरब ने फिर तोड़ा मौत की सजा देने का रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** रियाद। इस्लामिक देश सऊदी अरब ने फांसी देने के अपने सभी रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। साल 2024 में सऊदी किंगडम में फांसी देने का आंकड़ा दिसम्बर की शुरुआत में 300 को पार कर गया है, जो अब तक की सबसे ज्यादा संख्या है। मंगलवार 3 दिसम्बर को सऊदी मीडिया ने ड्रग तस्करी और हत्या के दोषी तीन लोगों को फांसी दिए जाने की खबर दी, जिसके बाद इस साल अब तक फांसी दिए जाने की संख्या 303 हो गई है। इस बीच एक भारतीय के ऊपर भी फांसी की तलवार लटक रही है।

सऊदी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाल के हफ्तों में देश के अंदर फांसी की सजा में तेजी से उछाल आया है। इसमें अकेले में सितम्बर में 200 लोगों को फांसी दी गई थी। इसमें ड्रग से जुड़े आरोपों में दोषी ठहराए गए 103 लोग और आतंकवाद के मामले में सजा पाए गए 45 लोग शामिल हैं। 2022 में सऊदी अरब ने ड्रग अपराधियों की फांसी पर तीन साल की रोक को समाप्त कर दिया था, जिसके बाद ड्रग से जुड़े अपराधों के लिए फांसी की सजा में तेजी आई है। एक नए मामले में सऊदी अरब की एक अदालत ने एक भारतीय को मौत की सजा सुनाई है। उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले शख्स को ड्रग तस्करी का दोषी ठहराया गया है।



## ट्रंप ने इसाकमैन को नया नासा चीफ किया नियुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने फैसलों से सभी को हैरान कर रहे हैं। ट्रंप ने अपनी कैबिनेट में भी कई ऐसे लोगों को शामिल किया, जिनके नाम सुनकर सब चौंक गए। अब ट्रंप ने ऐसा ही एक बड़ा फैसला लेते हुए टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन चीफ नियुक्त किया है। इसाकमैन का दिग्गज कारोबारी और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क से भी खास नाता है। दरअसल, इसाकमैन स्पेसएक्स के सहयोग से ही अंतरिक्ष में स्पेसवॉक करने वाले पहले निजी अंतरिक्षयात्री बने थे। ट्रंप ने एक्स पर कहा, मैं एक कुशल बिजनेस लीडर, परोपकारी, पायलट और अंतरिक्ष यात्री जेरेड इसाकमैन को नासा चीफ के रूप में नामित करते हुए प्रसन्न हूं। जेरेड नासा के खोज और प्रेरणा के मिशन को आगे बढ़ाएंगे, जिससे अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्वेषण में अभूतपूर्व उपलब्धियां मिलेंगी।

# यूनाइटेड हेल्थकेयर के सीईओ थॉम्पसन की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। यूनाइटेड हेल्थकेयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ब्रायन थॉम्पसन की बीती सुबह न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में स्थित एक होटल के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने नाम का उल्लेख नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। वहीं, पुलिस ने मृतक की पहचान सार्वजनिक किए बिना बताया कि 50 वर्षीय व्यक्ति को हिल्टन के बाहर सुबह करीब 6:45 बजे गोली मारी गई, उसके बाद हमलावर फरार हो गया।

पुलिस ने कहा कि घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

### हमलावर ने उनके आने का इंतजार किया और फिर गोली मारी

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 'यूनाइटेड हेल्थ ग्रुप इंक' की बीमा शाखा 'यूनाइटेड हेल्थकेयर' की बीती सुबह न्यूयॉर्क शहर में निवेशकों के साथ वार्षिक बैठक होनी थी। वह सम्मेलन में समय से पहले पहुंचे थे। थॉम्पसन तीन वर्षों से अधिक समय से सीईओ के पद पर कार्यरत थे जबकि वह 2004 से ही कंपनी के साथ जुड़े हुए थे।

एक नकाबपोश संदिग्ध ने थॉम्पसन का इंतजार किया और फिर उनके आते ही कई गोलियां चला दीं, जो उनके सीने में लगी। शुरुआती गोलियां थॉम्पसन की पीठ और पैर में लगीं, जिससे वे लड़खड़ाकर दीवार से टकराकर गिर पड़े। बंदूक के तीन बार जाम होने के बावजूद, शूटर ने हथियार को खाली किया और फायरिंग जारी रखी। यह सुनिश्चित करने के बाद कि थॉम्पसन अशक्त हो गए हैं, हमलावर शांति से चला गया, बाद में सेंट्रल पार्क की ओर इलेक्ट्रिक बाइक पर बैठकर घटनास्थल से भाग गया।

पुलिस के मुताबिक उसने क्रीम रंग की जैकेट, काले रंग का फेस मास्क और काले और सफेद रंग के जूते पहन रखे थे। वह एक श्वेत पुरुष था। संदिग्ध ने एक ग्रे रंग का बैकपैक भी रखा हुआ था। मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि शुरुआती निष्कर्षों के मुताबिक गोलीबारी की घटना अचानक नहीं बल्कि टार्गेट करके हुई।

### पाकिस्तान के इलाके में डूबा भारत का कार्गो शिप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने एक भारतीय जहाज के डूबने के बाद उसके क्रू की जान बचाई है। पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने समुद्री बचाव अभियान का सफलतापूर्वक समन्वय किया। इसके जरिए भारतीय मालवाहक जहाज डैट AL पिरानिपिर के डूबने के बाद फंसे 12 लोगों को जीवित बचा लिया गया। एक बयान में PMSA ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को भारत के मुंबई MRCC का ईमेल प्राप्त हुआ। इसमें डूबे हुए जहाज से बचे लोगों का पता लगाने और उन्हें बचाने के लिए सहायता का अनुरोध किया गया था। बयान के मुताबिक जहाज पाकिस्तान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में डूब गया था और इसके चालक दल के 12 सदस्य संकट में फंस गए थे।

# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# पॉलीहाउस, चारा नर्सरी तथा मत्स्य पालन पर विशेष फोकस करें: डीएम

समीक्षा

## जिलाधिकारी ने की सभी रेखीय विभागों के कार्यों की समीक्षा

सभी विभागों से जनपद में नवाचारी कार्यों को लेकर मांगे गए सुझाव

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी रेखीय विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के सीएलएफ में अवशेष धनराशि, जिला योजना केन्द्र एवं राज्य सेक्टर योजनाओं मनरेगा एवं अन्य विभागीय योजनाओं के युगपतिकरण को लेकर चर्चा की गयी और सभी विभागों से जनपद में नवाचारी कार्यों को लेकर सुझाव भी मांगे गए। बैठक में सभी विभागों द्वारा अपनी अपनी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी ने पॉलीहाउस, चारा नर्सरी तथा मत्स्य पालन पर विशेष फोकस करने को कहा। उन्होंने पशुपालन विभाग को गौचरध्कालेश्वर में हैचरी डेवलप करने को लेकर भूमि चिन्हित कर प्लान बनाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में चारा नर्सरी बनाने को लेकर सुझाव दिए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग की कोठियालसैंण में खाली पड़ी भूमि पर चारा को लेकर पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में काम करने को कहा। इससे स्थानीय पशुपालको की चारे की समस्या दूर हो जाएगी। मत्स्य विभाग को नये प्रोजेक्ट शुरू करने के साथ ऑर्नामेंटल फिश पर काम करने के निर्देश दिए। कहा कि पॉलीहाउस के लिए किसी एक ब्लॉक के दो चार गांवों चयन किया जाए और काश्तकारों को प्रशिक्षण दिया जाए । साथ ही रीप के सीएलएफ से मशरूम उत्पादन बढ़ाने को लेकर कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान परियोजना निदेशक आनन्द सिंह, प्रभारी डीडीओ केके पन्त, कृषि अधिकारी जयप्रकाश तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

चमोली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने गुरुवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गयी। ईवीएम निरीक्षण प्रक्रिया की फोटो एवं वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, सहायक निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र सती, कांग्रेस के प्रतिनिधि मदन लोहानी, आप के प्रतिनिधि अनूप सिंह रावत तथा बीजेपी के प्रतिनिधि नन्दन सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### 14 दिसंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग के तत्वाधान में माननीय जिला जज, रुद्रप्रयाग की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर एवं बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में दिनांक 14 दिसंबर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग श्री रवि रंजन के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत आपसी सुलह–समझौते के अधार पर मामलों का निस्तारण किया जायेगा। जिसमे अपराधिक शमनीय वाद, 138 एन0आई0एक्ट बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, अन्य दीवनी वाद, श्रम विवाद वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, बिजली एवं पानी से सम्बन्धित वाद, वेतन भत्ते एवं अन्य सेवानिवृति से स्म्बन्धित सेवा लाभ, राजस्व वाद, अन्य दीवानी वाद इत्यादि विचारधीन वाद एवं प्री–लिटिगेशन मामलों का निस्तारण पक्षकारों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

### 14 दिसंबर को मनाया जाएगा ऊर्जा संरक्षण दिवस

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। माह दिसंबर में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के साथ ही 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस को लेकर जनपद स्तर पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि माह दिसंबर में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाए जाने के साथ ही 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों, पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मॉडल ग्राम हेतु चिन्हित 09 ग्रामों के विद्यालयों को विशेष रूप से सम्मिलित करते हुए ऊर्जा संरक्षण विषयों पर छात्र–छात्राओं के निबंध, लेखन, व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

### 7 दिसंबर से जनपद में शुरू होगा अभियान, संवेदनशील आबादी में लगेंगे निक्षय शिविर

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। क्षय रोग की मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग विभाग के तत्वावधान में आगामी 07 दिसंबर से 100 दिवसीय नि–क्षय शिविर अभियान चलाया जाएगा। अभियान के आयोजन को लेकर आयोजित कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी को सुनिश्चित करते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार पर भी जोर दिया।

# वंचित पेंशनधारकों हेतु आयोजित किए जा रहे हैं विशेष शिविर

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतर्गत समस्त पात्र वंचित पेंशनधारकों के लिए पेंशन संतृप्तीकरण अभियान के तहत विकासखंड वार रोस्टर जारी किया गया है। आयोजित शिविर में सहायक समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी व राजस्व उप निरीक्षक प्रतिभाग करेंगे ताकि पेंशन संबंधी सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड जखोली के अंतर्गत 07 दिसंबर को पुजारगांव में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें पुजारगांव, सिरवाड़ी, पूलन, मुन्याघर गांव के वंचित पेंशनधारकों की पेंशन संबंधी कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह 09 दिसंबर को चौंरा में, 10 को बरसिर में, 11 को पांजणा में तथा 12 दिसंबर को तैला में पेंशन संतृप्तीकरण अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस तरह विकास खंड जखोली के अंतर्गत 27 विभिन्न स्थानों में उक्त शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विकास खंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत वंचित पेंशन धारकों हेतु 39 तथा विकास खंड ऊखीमठ के अंतर्गत 13 विभिन्न स्थानों में पेंशन संतृप्तीकरण अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी वंचित पेंशन धारकों से उक्त आयोजित होने वाले शिविर में प्रतिभाग करने की अपील की है।



## जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बच्चों से की मुलाकात

**संवाददाता** चमोली। गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत राइका डुंग्री मैकोट के छात्र– छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय, शहीद पार्क, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुस्तकालय तथा इंजीनियरिंग कालेज का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों के कामकाज को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बच्चों से मुलाकात की और बच्चों से अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि आईएएस अधिकारी गवर्निंग रूल के हिसाब से कार्यवाही करता है। उन्होंने कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपने ही राज्य में सेवा देते हैं जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपनी 9 साल की सेवा पूरी करने के बाद किसी अन्य राज्य में भी प्रतिनियुक्ति पर जा सकते हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि आप लोग जीवन में जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं चाहे आप डॉक्टरी, इंजीनियरिंग या बैंकिंग सेक्टर में जाना चाहें तो 9 वीं कक्षा से विषय चुनकर उस पर काम करना शुरू कर दें।

# विभिन्न मांगो को लेकर ग्रामीणों ने तहसील में किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता**

पुरोला। पुरोला में भाजपा के पूर्व अनिसुचित जाती मोर्चे के जिला महामंत्री रहे प्रकाश कुमार के नेतृत्व में गुरवार को पुरोला मुख्य बाजार सहित तहसील मुख्यालय में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर क्रमिक अनशन पर बैठे।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरवार को प्रकाश कुमार के नेतृत्व में सुकडाला,सुराणु की सेरी,श्रीकोट,छाड़ा, तेगड़ा आदि के ग्रामीणों ने पुरोला में बाईपास सड़क निर्माण, उपजिला चिकित्सालय का शासनादेश जारी करने,अस्पताल में ब्लड बैंक सहित मूलभूत सुविधाओं को स्थापित करने, सुकडाला सुराणु की सेरी मोटरमार्ग




निर्माण,घुंडाडा–श्रीकोट मोटर मार्ग डामरीकरण आदि सहित 27 सूत्रीय मांगों को लेकर ढोल बाजों के साथ मुख्य बाजार होते हुए तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए उपेक्षा का आरोप लगाया।

ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए प्रकाश कुमार डबराल, राकेश सेमवाल व पूर्व प्रधान जगदीश कुमार तथा नवीन कुड़ियाल ने कहा कि अस्पताल को उच्चीकरण किये एक वर्ष बीत गया लेकिन शासनादेश अभीतक जारी नही किया वंही क्षेत्र की कई सड़कों के निर्माण की डीपीआर शासन में धूल फांक रही है उन्होंने कहा कि आये दिन पुरोला में जाम की समस्या से लोगों को आवागमन की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। यंहा तक कि कई बार एम्बुलेंस भी जाम में घण्टों फंसी रह जाती है। उन्होंने सरकार व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शीघ्र समस्याओं के निस्तारण न होने पर उग्र आंदोलन कर भूख हड़ताल की चेतावनी दी।

वहीं उपजिलाधिकारी नवाजिश खलीक के माध्यम से 27 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन दिया। व तहसील प्रांगण में क्रमिक अनशन प्रारम्भ किया।

## निर्माण व मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता महत्वपूर्णः भाटी

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार भूपतवाला वार्ड नं. 3 में विभिन्न स्थानों पर नगर निगम हरिद्वार द्वारा सड़क मरम्मत व नाली निर्माण कार्यों का भाजपा पार्षद दल के उपनेता रहे नि0 पार्षद अनिरुद्ध भाटी के संयोजन व गणमान्यजनों की उपस्थिति में भाजपा मण्डल अध्यक्ष तरूण नैयर ने नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि नगर विधायक मदन कौशिक के प्रयासों से वार्ड नं. 3 में निरन्तर विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। पथ प्रकाश व्यवस्था के साथ–साथ समूचे वार्ड में सभी गलियों के निर्माण व मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहा है कि क्षेत्र के सभी मौहल्लों में गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कराया जाये।



*यदि आप अपने सपने साकार नहीं करेंगे तो कोई और खुद के लिए आपको भाड़े पर रख लेगा।*
*–अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# जनता नहीं थी नाराज

**महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी।**

अनुज श्रीवास्तव।।

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक बार फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद बीजेपी समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में पार्टी को सत्ता में वापसी की आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गई। खैर, इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है।

सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया।

दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का ऐलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाए मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा। इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किए। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जाएंगी।

यह चुनाव बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं, तो सेफ हैं जैसे नारों के लिए याद रखा जाएगा। बीजेपी ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकती। हालांकि, झारखंड में बीजेपी का यह कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा।


लोकसभा चुनावों का अच्छा प्रदर्शन अब बहुत पुरानी बात लग रही है। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में मिली बड़ी हार ने इंडिया के भीतर कांग्रेस की स्थिति कमजोर कर दी है। झारखंड में अलायंस को भले जीत मिली, लेकिन उसमें कांग्रेस का बहुत बड़ा रोल नहीं कहा जा सकता। इसका असर आने वाले चुनावों पर पड़ेगा, जहां कांग्रेस को सीटों के लिए सहयोगियों के साथ ज्यादा कड़ी सौदेबाजी करनी पड़ सकती है।

पार्टी और केंद्र सरकार, दोनों के पास यह कहने का मौका है कि जनता ने उनके एक राष्ट्र एक चुनाव और समान नागरिक संहिता जैसे अजेंडे को स्वीकार किया है। हालांकि, महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर महायुति में खींचतान हो सकती है। बीजेपी ने राज्य में सबसे अधिक सीटें हासिल की हैं तो चुनाव एकनाथ शिंदे सरकार की अगुआई में लड़ा गया।

## धन–दौलत

**अशोक वोहरा।** तभी उसकी पत्नी इस बात का आकलन करने लगती है इस ब्राह्मण के पास इसके पास कौन सी ईमानदारी किया है जो आप इसे खरीद सकते हैं। तभी उसकी पत्नी ने कहा कि यह जो आज एक कुत्ते को 4 रोटियां खिलाई है, यह इमानदारी इनकी सभी ईमानदारी से बड़ी है अगर आप खरीदना चाहते हैं तो इनकी यही निकला इनसे खरीद लिए। तो भी सेठ ब्राह्मण को कहता है कि आप आज जो चार रोटी कुत्ते को खिलाई थी वही ने कि हम खरीदना चाहते हैं। वह बूढ़ा व्यक्ति कहता है कि ठीक है हम ही ने किया खरीद लीजिए और उसके बदले में आप मुझे जो चाहिए उसे देख सकते हैं। फिर सेठ ने उसकी इमानदारी के बदले में बहुत सारी धन–दौलत हीरे मोती निकाल रहे थे।

धर्म-दर्शन



**...शेष कल**

# संपादकीय

## धर्म नहीं रिलीजन

भारतीय अर्थों में धर्म कभी रिलीजन का पर्याय नहीं हो सकता। अंग्रेजी शब्द के हिसाब से देखने निकलें तो भारत में इतने ज्यादा पंथ, संप्रदाय, पूजा पद्धतियां और भाषाएं हैं कि हर जिले में कई–कई धर्मों को मान्यता देनी पड़ जाएगी। जिस सरना धर्म महासम्मेलन की हमने चर्चा की, उसका आयोजन सोहराय कुनामीह दिवस पर है, जो वास्तव में कार्तिक पूर्णिमा का ही स्थानीय नाम है। भारत में अनादिकाल से ग्राम, नगर और वन दृ तीन प्रकार की जीवन व्यवस्थाएं रही हैं। वनवासियों पर अध्ययन करने वालों ने ऐसे दस्तावेज लाए हैं, जिनमें भूमि के पट्टों से लेकर पुराने पत्रों, अभिलेखों आदि में उन देवताओं के नाम हैं, जो सनातन हिंदू धर्म के हैं। लेकिन, इसे अस्वीकार कर वन के लोगों को हमेशा हिंदू और आम सनातन से अलग बताया गया। झारखंड में गैर आदिवासी भी सरना उत्सव में शामिल होते या अपने गांव में पूजा करते देखे जा सकते हैं।

**संघ और उससे जुड़े वनवासी कल्याण आश्रम, जनजाति सुरक्षा मंच, विश्व हिंदू परिषद, धर्म जागरण मंच सभी का कहना रहा है कि आदिवासी चाहे किसी भी समूह के हों, उनकी जाति जो भी हो, वे सभी हिंदू धर्म के ही अंग हैं।**

# क्या है सरना, संघ का रुख

अवधेश कुमार।।



झारखंड विधानसभा चुनाव में आदिवासियों से जुड़े मुद्दे शीर्ष पर हैं तो इसमें कुछ भी अस्वाभाविक नहीं। राज्य की 26.02 प्रतिशत आबादी जनजातियों की है और 28 सीटें उनके लिए आरक्षित हैं। इनमें से 19 सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले चुनावों में जीत हासिल की थी। कांग्रेस के साथ मिलकर यह आंकड़ा हो गया था 26, बीजेपी को केवल दो सीटों पर जीत मिली थी। साफ है, कोई भी पार्टी आदिवासियों के मुद्दों को नजरअंदाज नहीं कर सकती। सरना कोड यानी सरना विधि संहिता को लेकर राज्य में लंबे समय से विवाद चल रहा है। सरना को अलग धर्म की मान्यता देने और सरना कोड लागू करने की मांग हर चुनाव में उठती रही है।

कांग्रेस–जेएमएम ने अपने चुनावी घोषणापत्र में सरना धर्मकोड लागू करने का वादा किया है। हालांकि सोरेन सरकार ने सरना को धर्म मानने का प्रस्ताव पहले ही विधानसभा में पारित कर दिया था। तब बीजेपी इसके पक्ष में नहीं थी, लेकिन अब के बयानों से साफ है कि वह भी सरना धर्मकोड लागू करने के पक्ष में है। बीजेपी का मौजूदा रुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके खुद के पहले के स्टैंड से अलग है। संघ और उससे जुड़े वनवासी कल्याण आश्रम, जनजाति सुरक्षा मंच, विश्व हिंदू परिषद, धर्म जागरण मंच सभी का कहना रहा है कि आदिवासी चाहे किसी भी समूह के हों, उनकी जाति जो भी हो, वे सभी हिंदू धर्म के ही अंग हैं। सरना अलग धर्म नहीं हो सकता। यह एक पूजा पद्धति है, जो उनकी संस्कृति से जुड़ी है। आज भी इन संगठनों से बात करने पर सीधा उत्तर यही मिलता है कि सरना एक पंथ और संप्रदाय हो सकता है, लेकिन उसे धर्म की मान्यता दे दी तो मूल हिंदू समाज से आदिवासियों को अलग करने का लंबा षड्यंत्र सफल हो जाएगा। केवल संघ ही नहीं, आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर काम करने वाले तमाम लोग और खुद आदिवासियों का एक बड़ा तबका भी सरना को अलग धर्म मानने के पक्ष में नहीं रहा है। इनका मानना है कि हिंदू धर्म से अलग होने का भाव उनके भीतर अंग्रेजों ने पैदा किया।

आदिवासियों के लिए यह अपनी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का विषय है। प्रत्यक्ष तौर पर सरना झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा के छोटा नागपुर क्षेत्र के आदिवासियों का एक पारंपरिक पूजा स्थल है। ग्रामवासी अपने उत्सवों में यहां जुटते हैं, अनुष्ठान करते हैं। मान्यता है कि सरना ग्राम देवता का निवास स्थान है। छोटा नागपुर में गांव के पुजारी को मुंडा और आदिवासियों में पाहान कहते हैं। सहायक पुजारी को देउरी कहा जाता है। पाहान और देउरी जानवरों की बलि देते हैं। स्थानीय आदिवासी इस पवित्र सरना स्थल को जाहेर या जाहिरा या जाहेरथान या जाहिराथान भी कहते हैं। यहां ग्राम देवता, जाहेर बुढ़ी, सिंग बोंगा, बुरु बोंगा आदि की पूजा की जाती है। सिंह बोंगा सूर्य का पर्यायवाची नाम दिखता है।

परंपरा, संस्कृति, सभ्यता के मामले में विविधताओं से परिपूर्ण इस देश में अलग–अलग नाम और तरीकों से ऐसे उत्सव व उपासना जगह–जगह होते हैं, जिनके बीच भारी समानता है। अंग्रेजों ने समाज को बांटने के लिए भारत को बहुधर्मी देश घोषित किया। ईसाई मिशनरियों ने आदिवासियों के बीच इस भाव को बढ़ाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया।

## अष्टयोग-5080

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 3 | 2 | |
| 2 | 35 | | 26 | | 28 | 6 |
| | 7 | | 4 | 1 | 6 | |
| | 28 | 4 | 27 | | 36 | 4 |
| | 2 | 3 | | 5 | | |
| 6 | 35 | 7 | 35 | | 38 | 2 |
| 3 | | | 1 | | 4 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5079 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 27 | 7 | 32 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग: सच्चाई पर हमला

**मोहन।** आम मान्यता यही है कि सरना मूल रूप से आदिवासियों में उरांव जाति का त्योहार है। झारखंड में आदिवासियों में कुल 35 जातियों और उपजातियों की गणना हुई है। हालांकि यह नहीं कह सकते कि यह गणना पूरी है, क्योंकि दूरस्थ जंगलों में कई बार गिनती नहीं हो पाती। अंग्रेजों के समय जनगणना में सरना धर्म कोड का अलग से कॉलम होता था, जिसे 1951 में खत्म कर दिया गया। जिन मान्यता को अंग्रेजों ने समाज को बांटने और राज करने की दृष्टि से वैधानिक बनाया, क्या आज भी उसे जारी रखा जा सकता है? सरना को एक पंथ और संप्रदाय के रूप में अवश्य मान्यता देनी चाहिए और उसकी संहिता भी स्वीकार होनी चाहिए, पर इसे सनातन हिंदू धर्म से अलग मानना भारत की स्वाभाविक सचाई पर आघात होगा।






## प्रियंका चोपड़ा का बॉलीवुड कमबैक, 2025 में हिंदी फिल्म में आएंगी नजर

प्रियंका चोपड़ा भले ही विदेश में रहती हैं, लेकिन उनकी जड़ें अपने देश से हमेशा जुड़ी रहती हैं। वो पिछले कई दिनों से हॉलीवुड मूवीज–सीरीज कर रही हैं। फैंस उनकी बॉलीवुड फिल्में मिस कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने लेटेस्ट अपडेट दिया है। प्रियंका चोपड़ा साल 2019 में श्द स्काई इज पिंकश में नजर आई थीं। तबसे ही वो हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। उनकी एक फिल्म है, जी ले जरा, जो लंबे समय से अटकी हुई है। इसमें कटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी हैं। 42 साल की प्रियंका चोपड़ा ने एचटी सिटी से बात करते हुए कहा कि वो 2025 में बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही हैं। उन्होंने कहा, मजाक नहीं कर रही हूं। मैं यहां कई फिल्ममेकर्स से मिलती हूं। स्क्रिप्ट पढ़ती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो हिंदी में करना चाहती हूं। ये साल मेरे लिए वाकई बहुत बिजी रहा। लेकिन मेरे पास कुछ है। जब उनसे जी ले जरा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, इसके बारे में आपको एक्सेल (फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस) से बात करनी होगी। मालूम हो कि इस फिल्म की अनाउंसमें साल 2021 में की गई थी। प्रियंका को हेड्स ऑफ स्टेट और द ब्लफ में देखा जाएगा।

## भोजपुरी सिनेमा का चेहरा बदलेगी बहू की विदाई!

भोजपुरी सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का सपना लिए श्बहू की विदाईश फिल्म का निर्माण शुरू हो गया है। इसे अंशुमन सिंह फिल्म क्रिएशन के बैनर तले किया जा रहा है। डायरेक्टर राज किशोर प्रसाद राजू के निर्देशन में इस फिल्म की शूटिंग जौनपुर में जारी है। फिल्म को लेकर क्षेत्रीय सिनेमा के दर्शकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। श्बहू की विदाईश को भोजपुरी सिनेमा के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि इसे हिंदी सिनेमा के स्तर की फिल्म के तौर पर बनाया जा रहा है। बहू की विदाई में प्रीति शुक्ला, देव सिंह, रितेश उपाध्याय, श्रद्धा नवल, अमित शुक्ला, और अनीता रावत जैसे कलाकारहैं। इन कलाकारों ने अपने किरदारों में जान डालने के लिए दिन–रात मेहनत की है। ठंडी रातों के बावजूद कलाकार अपने किरदार में पूरी तरह से डूबे हुए हैं। फिल्म की टीम ने इसे बेहतरीन सिनेमा बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। फिल्म के सेट से जारी तस्वीरों ने यह साबित कर दिया है कि बहू की विदाईश न केवल कहानी के मामले में बल्कि प्रोडक्शन और तकनीकी पक्ष से भी एक अलग स्तर की फिल्म साबित होगी। फिल्म को जल्द ही भोजपुरी सिनेमा चैनल पर दिखाया जाएगा।

## बिग बॉस 18 फेम अविनाश मिश्रा की लाइफ में हैं ये हसीना?





बिग बॉस 18 के घर में शुरुआत से ही अविनाश मिश्रा का ईशा सिंह के लिए झुकाव दिख रहा है। वहीं ईशा भी घर के सदस्यों से काफी अलग हटकर उनसे व्यवहार रखती हैं। हाल ही में दोनों के बीच बॉन्डिंग को लेकर चर्चा भी रही। वहीं पिछले दिनों अविनाश ने गेम से ऊपर ईशा को रखा और उन्हें नॉमिनेशन से सेफ किया था। ईशा और अविनाश के बीच के हाई वोल्टेज ड्रामा के बीच यहां हम आपको बता रहे हैं अविनाश की लाइफ में रोमांस का वो किस्सा, जो बिग बॉस के घर से अलग रहा है। अविनाश और ईशा की बॉन्डिंग जिन लोगों को पसंद है उन्हें ये सब जानकर धक्का जरूर लग सकता है। जी हां, अविनाश को लेकर ऐसी चर्चा रही है कि वह गुम है किसी के प्यार में की भाविका शर्मा को डेट कर रहे हैं? रिपोर्ट के मुताबिक, इस कपल के करीबी सूत्र ने उन्हें लेकर कुछ ऐसे किस्से बताए थे, जो सुनने वालों को हैरान भी कर सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उस करीबी सूत्र ने बताया था कि वो (अविनाश) भाविका के हर यूट्यूब ब्लॉग में है। उन्होंने ये भी कहा था कि अगर आप उनके किसी दोस्त से पूछेंगे तो वे इससे इनकार करेंगे कि वे डेट कर रहे हैं। चूंकि इस वक्त न तो अविनाश और न ही भाविका की टीम इसे स्वीकार करेगी इसलिए उन्होंने इस बारे में आगे कुछ बताने से इन्कार किया था।

# पामेला एंडरसन ने छोड़ दिया मेकअप और अब दिखने लगीं ऐसी

*बेवॉच स्टार और प्लेबॉय की फेमस मॉडल रहीं पामेला एंडरसन इस वक्त अपने नो मेकअप लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में 2 दिसंबर को न्यूयॉर्क शहर के सिप्रियानी वॉल स्ट्रीट में आयोजित 2024 के गोथम फिल्म अवार्ड्स में नजर आई पामेला ने रेड कार्पेट पर हर किसी को सन्न कर दिया। जहां हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड सितारों पर मेकअप और अपने लुक को लेकर एक खास तरह का प्रेशर रहता है, वहां पामेला भी इन सबसे अलग नहीं रही हैं। लेकिन वक्त के साथ उन्होंने खुद को पूरी तरह से बदल लिया है और उनके इस अंदाज की अब जमकर तारीफ हो रही है। पामेला (57 साल) ने हाल में आयोजित इस अवॉर्ड फंक्शन में न तो मेकअप किया था और न ही उन्होंने कपड़ों और जूलरी से खुद को कवर किया था।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**मेरी पर्सनल लाइफ में इसकी वास्तव में कोई अहमियत नहीं**

रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, मैं करती हूं मेकअप, मेरा मतलब है कि मुझे भी कभी–कभी मेकअप करना पसंद है।श रेड कार्पेट पर चलते हुए उन्होंने कहा– इसका एक समय और जगह होती है, मुझे लगता है कि मेरी पर्सनल लाइफ में इसकी वास्तव में कोई अहमियत नहीं। उन्होंने कहा कि जहां तक सुंदरता का सवाल है तो उनके लिए इसका मतलब यह है कि वह अंदर से आती है। पामेला ने कहा, श्साहसी बनें और अपने सपनों को जीना सीखें। इसके लिए कभी देर नहीं होती।

**पिछले साल पैरिस फैशन वीक से शुरुआत**

इससे पहले एंडरसन ने 4 अक्टूबर, 2024 को ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के दौरान भी सादे लुक में दिखीं। उन्होंने



सबसे पहले अपना नैचुरल लुक कैमरे के सामने तब दिखाया था जब पिछले साल 28 सितंबर 2023 को पैरिस फैशन वीक में नजर आई थीं।

**सुनाई अपनी दिवंगत दोस्त की कहानी**

पामेला ने बताया है कि बिना मेकअप में रहने का फैसला उन्होंने क्यों किया। उन्होंने बताया कि साल 2019 में अपने करीबी दोस्त में से एक और लंबे समय से मेकअप आर्टिस्ट रहीं एलेक्सिस वोगेल को कैंसर के कारण खो दिया। इसके बाद से ही उन्होंने मेकअप को पूरी तरह से छोड़ने का फैसला किया।

**तब से मुझे लगा कि मेरे लिए मेकअप न करना ही बेहतर है**

पामेला ने कहा था, वह बेस्ट थीं और तब से मुझे लगा कि मेरे लिए मेकअप न करना ही बेहतर है। हालांकि मेकअप न करने का उनका फैसला उनकी दिवंगत दोस्त के प्रति सम्मान प्रकट करना था, लेकिन अंत में इससे उन्हें एम्पावरर्ड होने का एहसास भी हुआ। बेवॉच स्टार ने उम्र बढ़ने को लेकर अपनी भावनाओं पर खुलकर बातें की और कहा, मुझे लगता है कि जब हम बड़े हो जाते हैं तो हम सभी थोड़े अजीब दिखने लगते हैं और जब मैं शीशे में देखती हूं तो मुझे खुद पर हंसी आती है। मैं सोचती हूं– वाह, ये वाकई मेरे साथ क्या हो रहा है? यह एक जर्नी है।

**कहा– कुछ मत करो, जाग जाओ**

कॉस्मोपॉलिटन ने जब उनसे उनकी खूबसूरती के राज के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, इन दिनों? कुछ मत करो। जाग जाओ। जो कुछ भी हो रहा है, बस हो रहा है। यह सब सेल्फ एक्सप्टेंस है। यह मेरे जीवन का वो अध्याय है जिसे मैं अभी अपनाने की कोशिश कर रही हूं, कभी–कभी यह चुनौतीपूर्ण होता है और आपको बस यह समझना होता है कि आप काफी अच्छी हैं और आप सुंदर हैं।

# अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 के क्लाइमैक्स की हो रही तारीफ



*ओवरसीज सेंसर बोर्ड के सदस्य उमेर संधू ने हाल ही पुष्पा 2 देखी और फिल्म देखने के बाद पहला रिव्यू सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने इस फिल्म को सीटी मार एंटरटेनर बताया और कहा कि अल्लू अर्जुन एकदम होश उड़ा देते हैं।*

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 देखने के लिए फैंस बेताब हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुकुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हो रही है। झामफाड़ एडवांस बुकिंग चल रही है, जिसमें पुष्पा 2 रिलीज से पहले ही करीब 78 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। इसी बीच पुष्पा 2 का फर्स्ट रिव्यू आ गया है। इसके मुताबिक, पुष्पा 2 फुल ऑन एंटरटेनर और पैसा वसूल है।

**पुष्पा 2 तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड, होगी इस साल की बड़ी हिट**

उमेर संधू ने पुष्पा 2 का रिव्यू देते हुए लिखा, ये एक सीटी मार एंटरटेनर है, जो मास और क्लास दोनों को पसंद आएगी। एकदम पैसा वसूल और तगड़ी एंटरटेनर। बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी और इस साल की सबसे बड़ी हिट साबित होगी।

**अल्लू अर्जुन की**

रिव्यू में आगे लिखा है, अल्लू अर्जुन ने जबरदस्त काम किया है। मासी अवतार में वह छा गए हैं। एक्शन के साथ–साथ कॉमिक टाइमिंग भी एकदम पॉइंट पर है। पक्का ही दूसरा नेशनल अवॉर्ड मिलेगा अल्लू अर्जुन को। रश्मिका ने भी अच्छा काम किया है, पर लाइमलाइट फहाद फासिल लूट ले गए। फिल्म की यूएसपी इसका क्लाइमैक्स है और इंटरवल ब्लॉक्स तो होश उड़ाने वाले हैं।

**तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी रिलीज होगी**

पुष्पा 2 पांच दिसंबर को हिंदी और तेलुगू के अलावा तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी रिलीज होगी। एडवांस बुकिंग में ही फिल्म कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। यह भारत की सबसे तेज एडवांस बुकिंग वाली फिल्म बनने जा रही है। पुष्पा 2 ने एडवांस बुकिंग में आरआरआर को पछाड़ दिया था, और अब केजीएफ 2 और बाहुबली 2 को भी मात देने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पा 2 ने सभी पांच भाषाओं में 21 लाख 79 हजार 176 टिकटों की बिक्री के साथ 78.78 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

# खाना ही नहीं, पीने की चीजें भी बढ़ाती हैं यूरिक एसिड

*यूरिक एसिड बढ़ने से किडनी और जोड़ों की बीमारी हो सकती है। इनसे बचने के लिए हाई प्यूरीन फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं कि कौन से 5 परहेज इस बीमारी से बचाने में मदद करते हैं।*



**हाई प्यूरीन फूड से बचें**
प्यूरीन के पचने के बाद शरीर यूरिक एसिड बनाता है। इसलिए हाई प्यूरीन वाले फूड्स का सेवन कम करके या बिल्कुल दूर होकर इस अपशिष्ट पदार्थ को बढ़ने से रोका जा सकता है। मेडलाइन प्लस के मुताबिक रेड मीट, ऑर्गन मीट, कुछ सीफूड में प्यूरीन ज्यादा हो सकता है।

**इन पीने की चीजों से भी रहें दूर**
शराब पीने से यूरिक एसिड लेवल तेजी से बढ़ सकता है। क्योंकि बियर जैसी एल्कोहॉलिक ड्रिंक में हाई प्यूरीन हो सकता है। साथ ही कम प्यूरीन वाली एल्कोहॉलिक ड्रिंक भी शरीर में प्यूरीन का उत्पादन बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा मीठी ड्रिंक्स का सेवन भी कम कर दें।

**मीठे फल और शहद खाएं कम**
अगर आपको हाई यूरिक एसिड है तो मीठे फल या शहद का सेवन बिल्कुल कम कर दें। क्योंकि इनके अंदर फ्रुक्टोज नाम की नेचुरल शुगर होती है। बॉडी जब इसे तोड़ती है तो प्यूरीन बनता है जो कि यूरिक एसिड का लेवल बढ़ा सकता है।

**वजन और ब्लड शुगर न बढ़ने दें**
अगर आप यूरिक एसिड के खतरनाक नुकसानों से बचना चाहते हैं तो कभी भी मोटापा और ब्लड शुगर को कंट्रोल से बाहर न जाने दें। क्योंकि दोनों समस्याओं की वजह से किडनी का फंक्शन धीमा पड़ सकता है। जिसकी वजह से शरीर से पूरा यूरिक एसिड बाहर नहीं निकल पाता और खून में बढ़ने लगता है।

**ऐसी दवाइयों पर रखें ध्यान**
कुछ शोध मानते हैं कि खास प्रकार की दवाइयों का सेवन करने की वजह से भी यूरिक एसिड जमा हो सकता है। जिनमें एस्पिरिन, ड्यूरेटिक्स, विटामिन बी3, इम्यून सप्रेसिंग ड्रिग, टीबी की एक दवा, कुछ बीपी की दवाएं आदि शामिल हैं। अगर आप इनका उपयोग कर रहे हैं तो यूरिक एसिड का लेवल चेक करते रहें।

**क्या खाएं, क्या पीएं?**
यूरिक एसिड कम करने के लिए आपको कुछ चीजों का सेवन बढ़ा देना चाहिए। ये चीजें इस समस्या से बचाने के भी काम करती हैं। सबसे पहले तो अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर फूड और सब्जियों को शामिल करें।




## प्रोटीन से भरा पनीर खाने से पहले जान लें बात

पनीर को खाने के लिए सही तरीका पता होना चाहिए। क्योंकि कोच का कहना है कि यह आपको खूब मोटा बना सकता है। उन्होंने तले हुए चिकन ब्रेस्ट को भी प्रोटीन के मामले में इससे ज्यादा हेल्दी बताया। साथ ही इसकी जगह या साथ में प्रोटीन देने वाले वेज फूड का नाम भी बताया, जो ज्यादा हेल्दी साबित हो सकते हैं। फिटनेस कोच ने पनीर को किसी भी अन्य चीज की तरह बताया। उन्होंने कहा इसमें थोड़ा प्रोटीन तो होता है मगर इसके अधिकतर हिस्सा फैट है। पनीर खाने से मिलने वाली कुल कैलोरी में केवल 25 प्रतिशत ही प्रोटीन से आती हैं, बाकी 75 प्रतिशत कैलोरी फैट से आती है। यह तो सभी जानते हैं कि कैलोरी इनटेक ज्यादा होने से मोटापा बढ़ता है और वेट लॉस के लिए कम कैलोरी फूड खाने चाहिए। कोच ने तला हुआ चिकन ब्रेस्ट और पनीर की मैक्रोन्यूट्रिएंट प्रोफाइल को लगभग एक जैसा बताया। उन्होंने कहा कि ताजे पनीर के मुकाबले फ्राइड चिकन ब्रेस्ट ज्यादा प्रोटीन और कम कैलोरी देता है। जो कि इसे बेस्ट प्रोटीन फूड बनाता है। राज गणपत ने प्रोटीन देने वाली 2 वेज चीजों के नाम भी बताए। जो दिखने और स्वाद में काफी हद तक पनीर जैसे होते हैं। एक्सपर्ट ने बताया डाइट में पनीर की जगह कभी–कभी टोफू या टेम्पेह भी खा सकते हैं या पनीर के साथ मिक्स करके खा सकते हैं। इन दोनों फूड्स में पनीर के बराबर प्रोटीन होता है और कैलोरी इससे कम होती है।

## तेज मिर्च–मसाला खाना है पसंद तो लक्षणों पर रखें ध्यान

भारत मसालों का देश है, यहां के खाने में कई प्रकार के मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए यहां के कई सारे लोगों को तेज मिर्च–मसाले खाने का भी शौक होता है। लेकिन यह तेज मसालेदार खाना शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मेडिकल न्यूट्रिशनिस्ट विपिन राणा ने ऐसे मसालेदार खाने के नुकसान बताए हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के मुताबिक इसे खाने से शरीर की 7 आवश्यक धातुओं का नाश होता है। यह साप्तधातु शरीर की बनावट और स्वास्थ्य में अहम भूमिका बनाते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि अगर आप मिर्च–मसालों का हल्का इस्तेमाल करते हैं तो यह शरीर के लिए ठीक है। इसलिए अगर आपको इन लक्षणों में से एक या उससे ज्यादा एकसाथ दिखाई दे रहे हैं तो भोजन में मिर्च–मसाले कम कर दें।

## एक साथ फैल रहे 3 घातक वायरस, लक्षणों को न करें इग्नोर



दुनिया भर में मारबर्ग, एमपॉक्स और ओरोपाउच नामक तीन वायरस तेजी से फैल रहे हैं, जिससे कम से कम 17 देश प्रभावित हुए हैं। मारबर्ग वायरस, जिसे ब्लीडिंग आई वायरस भी कहा जाता है, इसके एक लक्षण के कारण, रवांडा में 15 लोगों की जान ले चुका है और सैकड़ों लोग संक्रमित हैं। मारबर्ग एक गंभीर बीमारी है जिसकी मृत्यु दर लगभग 50 प्रतिशत है। एमपॉक्स के मामले भी बढ़ रहे हैं, विशेष रूप से मध्य अफ्रीका में। न्च में भी एमपॉक्स के गंभीर मामले सामने आए हैं। ओरोपाउच वायरस, जो मिज बाइट्स से फैलता है, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियन में 10,000 से अधिक लोगों को संक्रमित कर चुका है। यात्रियों को इन वायरस से बचने के लिए अतिरिक्त सावध ानी बरतने की सलाह दी गई है। मारबर्ग रोग के पहले लक्षण दो से इक्कीस दिनों के बाद सामने आते हैं. इनमें बुखार, तेज सिरदर्द, अत्यधिक थकान, शरीर में दर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। तीसरे दिन, गंभीर पानी जैसे दस्त, पेट में ऐंठन, मतली, उल्टी और गैर–खुजली वाले दाने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। पांचवे दिन से शुरू होने वाले लक्षणों में नाक, मसूड़ों, योनि, आंख, मुंह और कानों से रक्तस्राव, उल्टी और मल में ताजा रक्त, आंतरिक रक्तस्राव और अंडकोष की सूजन शामिल हैं। मरीज लक्षणों की शुरुआत के आठ या नौ दिन बाद खत्म हो सकते हैं। एमपॉक्स से बचाव के लिए, बीमार या दाने वाले लोगों के संपर्क से बचें।

# कोल्ड ड्रिंक पीने से गलने लगती हैं शरीर की हड्डियां



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अक्सर रिफ्रेशमेंट के लिए अगर आप भी कोल्ड ड्रिंक पीते हैं तो संभल जाइए क्योंकि ठंडी–कूल कोल्ड ड्रिंक स्वाद के चक्कर में आपके दांतों और हड्डियों का कबाड़ा कर सकती है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं। यह दावा इंस्टाग्राम के एक नामी पेज के वीडियो में किया गया है। डरा देने वाले सच को जानने का जिम्मा हमने लिया। इसके पीछे की पूरी सच्चाई जानने के लिए डॉक्टर से बात की। उनके द्वारा साझा तथ्यात्मक जानकारी पर जाने से पहले हम आपको बताते हैं कि आखिर वायरल क्लिप में जो दावा किया गया, उसमें क्या–क्या कहा गया।*

**वीडियो में क्या है?**
इस वीडियो में कोल्ड ड्रिंक से दांतों और हड्डियों के गल जाने की बात कही जा रही है। इसमें कहा गया कि कुछ समय पहले जब एक टूटे दांत को कोल्ड ड्रिंक में डाला गया तो वो अगले 15 दिन में ही गल गया। वीडियो में बताया गया कि मृत्यु क्रियाक्रम के बाद भी मनुष्य के दांत नष्ट नहीं होते हैं। डायनासोर के दांत उसके विलुप्त होने के करोड़ों साल बाद भी मौजूद हैं। लेकिन इनको कोल्ड ड्रिंक में डालिए, तो यह भी गल जाएंगे। इन ड्रिंक्स में बेहद खतरनाक केमिकल मिलाए जाने के चलते ऐसा होने का दावा क्लिप में किया गया है।

**डॉक्टर ने यह बताया सच**
हमारी टीम ने इस मामले में सच जानने के लिए कंसल्टेंट डायटीशियन और सर्टिफाइड डायबिटिक एजुकेटर पूजा शाह भावे से बात की। उन्होंने इस दावे को सच बताया है। उनकी मानें तो इन कार्बोनेटेड बेवरेजेस में फॉस्फोरिक एसिड होता है। इन ड्रिंक के नियमित सेवन से दांतों में सड़न और इनेमल का नुकसान हो सकता है। ऐसा ड्रिंक में अत्यधिक शुगर और इसके एसिडिक नेचर की वजह से भी हो सकता है। इन ड्रिंक में मिले फॉस्फोरिक एसिड से भी दांत और हड्डियों को नुकसान होता है।



**डॉक्टर ने बताया, क्या कहती है रिसर्च**
कुछ समय पहले चाइना हेल्थ और न्यूट्रिशनल सर्वे में 17000 चाइनीज लोगों पर किए गए सर्वे में खास फैक्ट सामने आए थे। इसके मुताबिक उन लोगों में हड्डी टूटने की घटनाएं ज्यादा हो रही थीं जो कोल्ड ड्रिंक का सेवन खूब करते थे। गिरते ही हड्डी टूटने की वजह लो बोन डेंसिटी और बोन लॉस होना माना गया है। बोन लॉस और दांतों के नुकसान की वजह डिकैल्सिफिकेशन यानी हड्डी या दांतों का विघटन होता है। यह रोजाना कोल्ड ड्रिंक पीनने वालों में सामान्य दिक्कत मानी जाती है।

**क्या है एक्पर्ट की सलाह**
एक्सपर्ट मानते हैं कि कोल्ड ड्रिंक में मौजूद फॉस्फोरिक एसिड कैल्शियम फोस्फोरस का संतुलन बिगाड़ने के साथ हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कैल्शियम ऑब्जर्पशन को भी प्रभावित करते हैं। कुछ ड्रिंक में कैफीन की मात्रा भी ज्यादा होती है। इनसे भी कैल्शियम ऑब्जर्पशन कम होता है और ऑस्टियोपोरोसिस की संभावना बढ़ जाती है।

**फैक्ट चैक का रिजल्ट**
टीम की ओर से किए गए 'फैक्ट चैक' में सामने आया है कि इंस्टाग्राम के वीडियो में किया गया कोल्ड ड्रिंक से हड्डियों के गलने का दावा पूरी तरह से सच है।



मिडिल ऑर्डर पर बैटिंग करने उतरेंगे रोहित शर्मा

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने ये कंफर्म किया कि एडिलेड टेस्ट में केएल राहुल ओपनिंग करेंगे। केएल के ओपनिंग करने से रोहित अब मिडिल ऑर्डर पर बैटिंग करते हुए नजर आएंगे। रोहित ने इसकी जानकारी खुद दी है। रोहित ने इससे पहले साल 2019 में भारत की तरफ से मिडिल ऑर्डर पर बैटिंग की थी, जबकि अभी तक रोहित ने ओपनिंग करते हुए 42 टेस्ट मैच खेले है, जिसमें उनके बल्ले से 9 शतक निकले हैं।

## हो गया तय केएल राहुल करेंगे ओपनिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एडिलेड टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में केएल राहुल ओपन करेंगे। वह यशस्वी के साथ मिलकर पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे। बता दें कि पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में राहुल ने ओपनिंग जिम्मेदारी संभाली थी और पहली पारी में वह 27 और दूसरी पारी में 77 रन बना सके थे। कप्तान रोहित शर्मा जो कि पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और शुभमन गिल जो चोटिल थे, उनकी जगह केएल राहुल को ओपनिंग के लिए उतारा गया था। दरअसल, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कप्तान रोहित ने खुलासा किया कि हां केएल राहुल ओपन करेंगे। रोहित ने इस दौरान केएल की तारीफ की और कहा कि जिस तरह से केएल ने बल्लेबाजी की, मैं अपने न्यू बॉर्न बेबी को हाथ में लेकर घर से देख रहा था, उसने शानदार खेल दिखाया, इसलिए अब बदलाव की कोई जरूरत नहीं है, भविष्य में चीजें अलग हो सकती हैं, मुझे नहीं पता क्या होगा, लेकिन जिस तरह से केएल विदेशों में बल्लेबाजी करता है, इसलिए वह इस समय उस स्थान का हकदार है। केएल ने कहा कि मैं बस प्लेइंग 11 में रहना चाहता हूं,

# मेगन के निशाने से शूट हुई भारतीय महिला टीम

क्रिकेट

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारत को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मेगन शूट (5 विकेट) और जॉर्जिया वोल (46') के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को पहले वनडे में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 202 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से मात दी। ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 34.2 ओवर में 100 रन पर ऑलआउट हुई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। मेगन शूट को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई। दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को ब्रिस्बेन में ही खेला जाएगा।

101 रन के आसान लक्ष्य का पीछा



करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को फोएब लिचफील्ड (35) और जॉर्जिया वोल (46) ने 48 रन की साझेदारी करके मजबूत शुरुआत दिलाई। रेणुका सिंह ने लिचफील्ड को कप्तान कौर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। जल्द ही रेणुका ने एलिस पेरी (1) और बेथ मुनी (1) को पवेलियन की राह दिखाई। जॉर्जिया वोल ने एक छोर संभाले रखा और ऐनाबेल सदरलैंड (6) के साथ चौथे विकेट के लिए 25 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने एश्ले गार्डनर (8) के साथ पांचवें विकेट के लिए 20 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचाया। ताहिला मैक्ग्रा (4') ने चौका जड़कर मेजबान टीम की जीत पर मुहर लगाई। भारत की तरफ से रेणुका सिंह ने 7 ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट झटके। इसके अलावा प्रिया मिश्रा को दो विकेट मिले।

बता दें कि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मगर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मेगन शूट ने इस फैसले को पूरी तरह बेअसर कर दिया। शूट ने मेहमान टीम के टॉप ऑर्डर को हिलाया और फिर मिडिल व लोअर ऑर्डर में विकेट चटकाए।

मेगन शूट ने अपने वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए 6.2 ओवर में एक मेडन सहित 19 रन देकर 5 विकेट झटके। इसके अलावा किम गार्थ, एश्ले गार्डनर, ऐनाबेल सदरलैंड और एलाना किंग को एक–एक सफलता मिली। वहीं, भारतीय महिला बैटर्स ने अपने प्रदर्शन से फैंस को मायूस कर दिया।

# पहले तेज गेंदबाजों को मदद, फिर स्पिनरों के इशारे पर नाचेगी गुलाबी गेंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

एडिलेड। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू हो रहे दिन रात्रि टेस्ट मैच में पिच पर हल्की घास होगी, जिससे शुरुआती दिन तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन जैसे जैसे खेल आगे बढ़ेगा गुलाबी गेंद से स्पिन देखने को मिलेगी। एडिलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियन हाग ने कहा, 'पिच पर छह मिलीमीटर घास छोड़ी जाएगी, जिससे गेंद जल्द पुरानी नहीं हो। घास की मौजूदगी से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी जबकि मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनर की भूमिका भी बनेगी।

हाग ने कहा, अतीत में देखें तो पता चलता है कि एडिलेड में फ्लड लाइट्स में बल्लेबाजी करना मुश्किल होता है। पिच पर छह मिमी घास होगी। हम

■भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज से शुरू होगा दूसरा टेस्ट

प्रयास कर रहे हैं कि मैच के दौरान खेल के सभी पहलुओं को भूमिका निभाने का मौका मिले। हम ऐसी घास छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं जो सूखी और सख्त हो। और हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक गति और उछाल हासिल कर सकें।

भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट रिकॉर्ड 295 रन से जीता जो चार दिन तक चला। इस टेस्ट में मैच आगे बढ़ने के साथ बल्लेबाजी आसान होती गई। हाग के पास गुलाबी गेंद के मैच के लिए भी ऐसी ही योजनाएं हैं। हाग ने कहा, स्पिन आमतौर पर भूमिका निभाती है इसलिए घास के कारण गेंद तेजी से निकल सकती है और आम तौर पर अच्छा उछाल मिलता है। यही योजना है। उम्मीद है कि जैसे–जैसे गेंद पुरानी होती जाएगी बल्लेबाज इसका फायदा उठा पाएंगे और अगर कोई साझेदारी होती है तो वे इसका लाभ उठाएंगे। हाग ने कहा, स्पिन हमेशा एडिलेड में अहम भूमिका निभाती है। आपको एक विशेषज्ञ स्पिनर चुनने की जरूरत है। कभी भी हम चुने या नहीं? का सवाल नहीं होना चाहिए।

हमेशा ऐसा होना चाहिए। मेरी तरफ से हमेशा एक स्पिनर चुनें। उस अतिरिक्त घास को छोड़ने का विचार यही है कि स्पिनर को इससे फायदा मिले। उन्होंने दोहराया कि लक्ष्य एक अच्छा, संतुलित मुकाबला कराना है। क्यूरेटर ने कहा, आमतौर पर तेज गेंदबाजों को पूरे मैच में कुछ सहायता मिलनी चाहिए। और हम जानते हैं कि तेज गेंदबाज ऐसा कर सकते हैं।

## शिखर धवन ने इस विदेशी लीग में गेंदबाजों को जमकर पीटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का बल्ला नेपाल प्रीमियर लीग में जमकर बोला। उन्होंने अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों की हवा निकाल दी। धवन ने 51 गेंदों का सामना कर नाबाद 71 रन बनाए। धवन ने अपनी इस पारी में 4 चौके और 5 छक्के लगाए। गब्बर नेपाल प्रीमियर लीग में कर्णाली याक्स के लिए खेल रहे हैं। दरअसल, काठमांडू गुर्खास और कर्णाली याक्स के बीच नेपाल प्रीमियर लीग का छठा मैच खेला गया। इस मैच में काठमांडू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। कर्णाली की तरफ से शिखर धवन पारी का आगाज करने आए थे। उन्होंने आते ही धागा खोल दिया और पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी की। गब्बर का स्ट्राइक रेट इस पारी के दौरान 141.17 का रहा। शिखर के अलावा कोई भी खिलाड़ी बल्ले से कमाल नहीं कर पाया।

## न्यूज डायरी



## महिलाओं की मेडिकल ट्रेनिंग पर प्रतिबंध से नाखुश राशिद खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान ने तालिबान सरकार से देश में महिलाओं की मेडिकल ट्रेनिंग पर प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। सितंबर 2021 में सत्ता में लौटने के एक महीने बाद तालिबान ने छठी कक्षा के बाद लड़कियों के लिए स्कूली शिक्षा बंद कर दी। उन्होंने दिसंबर 2022 में महिलाओं के विश्वविद्यालय जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। दरअसल, अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों को तालिबानी तानशाहों ने एक और जंजीर से जकड़ लिया है। तालिबान ने पहले महिलाओं की पढ़ाई पर रोक, फिर सार्वजनिक जगहों पर बोलने पर रोक, पोशाक पर रोक, इतनी सारी पाबंदियों के बाद अब उनसे एक और अधिकार छीन लिया है। तालिबानी सरकार ने महिलाओं के नर्सिंग की पढ़ाई करने पर रोक लगा दिया। इस फैसले से अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान नाखुश नजर आए और उन्होंने बुधवार को एक्स पर लिखा, मैं अफगानिस्तान की बहनों और माताओं के लिए हाल ही में शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों के बंद होने पर गहरी उदासी और निराशा के साथ विचार कर रहा हूं। इस निर्णय से न केवल उनके भविष्य को बल्कि हमारे समाज के व्यापक ताने–बाने को भी गहराई से प्रभावित किया है। राशिद ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के माध्यम से वे जो दर्द और दुख व्यक्त करते हैं, वह उनके सामने आने वाले संघर्षों की मार्मिक याद दिलाता है। हमारा देश अफगानिस्तान एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

## विराट कोहली पाकिस्तान में खेलने के लिए मरे जा रहे होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने विराट कोहली पर अजीबोगरीब बयान दिया है। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर शोएब अख्तर का कहना है कि भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पाकिस्तान में खेलने के लिए मरे जा रहे होंगे। अख्तर ने ये बयान उस वक्त दिया जब भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान जाने से साफ इनकार कर दिया। बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच विवाद के बाद से ही इस टूर्नामेंट के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। पाकिस्तानी दिग्गज ने उस वक्त पूरे मामले को और विवादित बना दिया, जब कहा कि, पाकिस्तान में खेलने से भारत को उनके टीवी ब्रॉडकास्टर्स राइट्स और स्पॉन्सरशिप डील में भी फायदा होगा। अख्तर ने एक पाकिस्तान टीवी चैनल पर कहा, श्मारत पाकिस्तान में खेलने के लिए पाकिस्तान से ज्यादा मर रहा है। विराट कोहली शायद पाकिस्तान में खेलने के लिए मर रहे होंगे। मैंने भारत में बीसीसीआई के साथ काम किया था, अगर भारत पाकिस्तान में खेलने आता है तो उनके टीवी अधिकार और प्रायोजन में जबरदस्त उछाल आएगा। विराट कोहली ने 2006 में दोनों देशों की अंडर–19 टीमों के बीच खेली गई श्रृंखला के दौरान पाकिस्तान का दौरा किया था। उस टूर पर भारत की कप्तानी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने की थी। तब भारत ने एकदिवसीय श्रृंखला 4–0 और टेस्ट श्रृंखला 2–0 से मैदान मारा था।

## पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में फूट की बातों को नकारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में ड्रेसिंग रूम के अंदर खिलाड़ियों की बीच फूट की खबर पर कुछ कमेंटेटर्स को लताड़ लगाई है। कमिंस से एडिलेड टेस्ट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कई बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में फूट को लेकर सवाल किए गए। कंगारू कप्तान ने धैर्यपूर्वक सभी सवालों के जवाब दिए। एडम गिलक्रिस्ट सहित कमेंटेटर्स ने पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन जोश हेजलवुड के बयान को सुनकर ऑस्ट्रेलियाई टीम में फूट की बात पर अपनी राय प्रकट की थी। दरअसल, जोश हेजलवुड ने ऑप्टस स्टेडियम में खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम पर भड़ास निकाली थी। हेजलवुड ने भारत द्वारा पर्थ में दिए 534 रन के लक्ष्य के बाद बल्लेबाजों पर हार का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पत्रकारों को बल्लेबाजों से सवाल करना चाहिए कि अगले टेस्ट से पहले कैसे अपना भाग्य बदलेंगे। प्रसारणकर्ता के रूप में काम कर रहे पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने हेजलवुड को बयान को सही नहीं ठहराया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम में सबकुछ ठीक है।

पेज थ्री
देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024





सीएम पुष्कर सिंह धामी ने महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में किया प्रतिभाग।

## पीएम के नौ आग्रह उत्तराखण्ड के विकास के मूलमंत्रः मुख्य सचिव

**निर्देश**

■ सभी संबंधित विभागों को तत्काल ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश

■ इस सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही पर मुख्य सचिव स्वंय लेगी नियमित अपडेट

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये गये संबोधन में उत्तराखण्ड राज्य के निवासियों एवं उत्तराखण्ड में बाहर से आने वाले पर्यटकों से किये गए आग्रहो के अनुपालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिवो, सचिवो, प्रभारी सचिवो सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री के आग्रह के अनुपालन हेतु गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी जैसी स्थानीय बोलियों के संरक्षण के संबंध में उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग को एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गए आग्रह के सम्बन्ध में वन एवं पर्यावरण विभाग को एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने आग्रह किया था कि देव भूमि के लोग प्रकृति और पर्यावरण के कितने बड़े प्रेमी होते हैं। यह पूरा देश जानता है। उत्तराखण्ड तो गौरा देवी की भूमि है और यहां हर महिला मां नंदा का रूप है। बहुत आवश्यक है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। इसलिए मेरा दूसरा आग्रह है–एक पेड़ मां के नाम, हर किसी ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाना है। आजकल आप देख रहें हैं देश भर में ये अभियान तेज गति से चल रहा है। उत्तराखण्ड भी इस दिशा में जितनी तेजी से काम करेगा, उतना ही हम क्लाईमेट चेंज की चुनौती से लड़ पाएंगे।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री द्वारा नदियों के संरक्षण हेतु किए गए आग्रह के अनुपालन हेतु जलागम विभाग को एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री द्वारा आग्रह किया गया था कि उत्तराखण्ड में तो नौलो धारों की पूजा की परंपरा है। आप सभी नदी–नौलों का संरक्षण करें, पानी की स्वच्छता को बढ़ाने वाले अभियानों को गति दे, यह मेरा आपसे तीसरा आग्रह है।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेशवासियों से अपने गांवो से जुड़ने के आग्रह के अनुपालन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने आग्रह किया था कि अपनी जड़ों से जुड़े रहें, अपने गांव लगातार जाएं और रिटायरमेंट के बाद तो जरूर अपने गांवों में जाएं। वहां से संबंध मजबूत रखें। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेशवासियों से अपने गांवो में परंपरागत घरों के संरक्षण हेतु किए गए आग्रह के अनुपालन हेतु पर्यटन विभाग को एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। माव प्रधानमंत्री जी ने आग्रह किया था कि उत्तराखण्ड के लोगों से मेरा पांचवा आग्रह है अपने गांव के पुराने घरों, जिन्हें आप विवरी वाले घर कहते हैं, उन्हें भी बचाएं। इन घरों को भूले नहीं। इन्हें होमस्टे बनाकर, अपनी आय बढ़ाने का साधन बना सकते हैं। धार्मिक स्थलों के रीति–रिवाजों वहां के नियम कायदों के बारे में यात्रा से पहले जरूर पता कर लें। इसमें आपको उत्तराखण्ड के लोगों से बहुत मदद मिल सकती है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किए गए उक्त नौ आग्रह उत्तराखण्ड राज्य के सर्वांगीण विकास सहित देश के विकास में सहायक है।

**स्वच्छता को सर्वोपरि रखे**

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री द्वारा बाहर से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं से किए गए चार आग्रह के अनुपालन हेतु पर्यटन विभाग को समस्त संबंधित विभागों से यथावश्यक समन्वय करते हुए जन जाग्रति लाने हेतु एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने आग्रह किया था कि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों की संख्या हर साल बढ़ रही है और देश के कोने–कोने से आते हैं. विदेशों से आते हैं। पहला आग्रह है जब भी आप हिमालय की गोद में पहाड़ों पर घूमने जाएं। स्वच्छता को सर्वोपरि रखें। इस प्रण के साथ जाएं कि आप सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

### वोकल फॉर लोकल के मंत्रों को भी याद रखें

वोकल फॉर लोकल के मंत्रों को वहां भी याद रखें। आपकी यात्रा का जो खर्च होता है, उसमें से कम से कम 5 प्रतिशत स्थानीय लोगों के द्वारा उत्पादित किए गए प्रोडक्ट खरीदनें में खर्च करें। तीसरा आग्रह है– पहाड़ पर जाएं तो वहां के ट्रैफिक नियमों का जरूर ध्यान रखें। सावधान रहें. हर किसी का जीवन अमूल्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेल कर्मचारियों में मतदान को लेकर दिखा उत्साह

**संवाददाता** देहरादून। रेलवे में यूनियन मान्यता चुनाव को लेकर रेल कर्मचारियों में खूब उत्साह दिख रहा है। दूसरे दिन 90 कर्मचारियों ने वोट डाले। अब तक 646 कर्मचारी वोट डाल चुके हैं। शुक्रवार को मतदान का अंतिम दिन है। रेलवे में पांच साल में एक यूनियन को मान्यता दी जाती है। इस बार चुनाव मैदान में पांच यूनियनें हैं। सभी यूनियनों से जुड़े कर्मचारियों ने जीत के जोर लगा रखा है। वोटरों को अपनी यूनियन के पक्ष में मतदान करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। गुरुवार को देहरादून में 46 और ऋषिकेश में 44 कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू और शाम छह बजे तक चला। शुक्रवार को मतदान का अंतिम दिन है।

### जौनसारी फिल्म मैरे गांव की बाट को देखने उमड़े दर्शक

**संवाददाता** देहरादून। पहली जौनसारी फिल्म मैरे गांव की बाट फिल्म का प्रदर्शन गुरुवार से दून के संेट्रियो मॉल में शुरु हुआ। कांग्रेसी नेता चकराता विधायक प्रीतम सिंह, लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी, पद्मश्री डॉ.प्रीतम भरतवाण ने दीप जलाकर फिल्म के शो का शुभारंभ किया। इससे पहले उत्तराखंड में गढ़वाली–कुमाऊंनी कई फिल्में बड़े पर्दे तक पहुंची। जौनसारी भाषा में सिर्फ सीडी स्तर पर कुछेक जौनसारी फिल्में तो बन पाई। मैरे गांव की बाट पहली जौनसारी फिल्म बन गई तो बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की गई है। फिल्म की परिकल्पना केएस चौहान की है।

### बजाज फिनसर्व एएमसी ने बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। बजाज फिनसर्व एएमसी ने आज बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन–एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रोथ के लिए स्वास्थ्य और सेहत से जुड़े क्षेत्रों में लंबी अवधि के लिए निवेश करती है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 6 दिसंबर को खुलेगा और न्यू फंड ऑफर की अवधि 20 दिसंबर को समाप्त होगी।

### 6 दिसंबर को एचडीएफसी बैंक का 16वां वार्षिक रक्तदान अभियान

**संवाददाता** देहरादून। भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 16वें संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। 6 दिसंबर, 2024 को सुबह 9रू30 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलने वाला यह अभियान भारत भर के 1100 से अधिक शहरों में चलाया जाएगा। इस साल, एचडीएफसी बैंक को पिछले साल की तुलना में अधिक भागीदारी की उम्मीद है।

## मार्च तक निर्बल वर्ग के लिए तैयार होंगे 16 हजार किफायती घर

**सराहनीय**

■ उत्तराखंड आवास विकास परिषद 15 आवासीय परियोजनाओं पर कर रहा है काम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंत्योदय के लक्ष्य को केंद्रित करते हुए, पीएम आवास योजना लागू की है। इसके तहत आवासहीन परिवारों को पक्का घर बनाकर दिया जा रहा है। उत्तराखंड में आवास विकास प्राधिकरण ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।*

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।**

**संवाददाता**

देहरादून। सर के ऊपर पक्की छत का सपना, हर कोई देखता है। पर जमीन से लेकर निर्माण की लागत के कारण लाखों लोग इस सपने को पूरा करने से वंचित रह जाते हैं। उत्तराखंड आवास विकास परिषद और एमडीडीए इसी क्रम में निर्बल आय वर्ग वाले परिवारों के लिए करीब 16 हजार किफायती घरों का निर्माण कर रहे हैं।

उत्तराखंड आवास विकास परिषद राज्य बनने के बाद पहली बार अपनी आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। परिषद 15 परियोजनाएं निजी निवेशकों के साथ तैयार कर रहा है, जिसमें कुल 12,856 आवास शामिल हैं। जबकि शेष पांच संबंधित विकास प्राधिकरणों द्वारा विकसित की जा रही हैं, प्राधिकरणों के जरिए कुल 3104 आवास तैयार किये जा रहे हैं। अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का के मुताबिक अब तक निजी भागीदारी के साथ 1760 घर बनाते हुए लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं, जबकि 14635 आवासों का आबंटन भी किया जा चुका है। शेष सभी परियोजनाओं को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के तहत निजी निवेशक छह लाख रुपए की लागत से दो कमरे, किचन और शौचालय जैसी सुविधाओं से युक्त घर तैयार करता है, जिसमें से उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से साढ़े तीन लाख रुपए मिलते हैं, इस तरह लाभार्थी को महज ढाई लाख रुपए की लागत में आसान होम लोन के जरिए घर मिल जाता है। इसमें जमीन सहित निर्माण का समस्त खर्च निजी निवेशक द्वारा उठाया जाता है। योजना के तहत तीन लाख रुपए से कम सालाना आय वर्ग वाले आवासहीन परिवार पात्र होते हैं। साथ ही पात्र परिवार का 15 जून 2015 से पहले उत्तराखंड का निवासी होना भी जरूरी है।

योजना के तहत मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ट्रांसपोर्ट नगर में 224, तरला आमवाला में 240 फ्लैट वाली परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि धौलास में 240 फ्लैट मार्च 2025 तक तैयार हो जाएंगे।

### वन आरक्षी चयनित अभ्यर्थियों का धरना जारी

**संवाददाता** देहरादून। अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर वन आरक्षी परीक्षा में प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थियों का वन मुख्यालय पर धरना गुरुवार को भी जारी रहा। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द नियुक्ति ना मिली तो वे भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। अभ्यर्थियों ने बताया कि वन आरक्षी भर्ती 2022 जिसका पेपर 9 अप्रैल 2023 को हुआ था और अंतिम परिणाम 15 जनवरी 2024 को निकाला गया था । उसी रिजल्ट में बिंदु संख्या तीन में प्रतीक्षा सूची निकालने का उल्लेख किया था। जिसके आधार पर आयोग ने 10 से 11 मार्च 2024 को प्रतीक्षा सूची के लिए शारीरक दक्षता परीक्षा करवाई गई और 23 अप्रैल 2024 को अभिलेख सत्यापन करवाया गया गया था। 14 जून 2024 को विभाग ने 162 वन आरक्षी की मांग पर आयोग से की। 19 जुलाई 2024 को वन आरक्षी प्रतीक्षा सूची के 159 पदों का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया। लेकिन आज तक इनको नियुक्ति नहीं दी गई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।